Need to develop Devrahi Mata Mandir in Deoria District, UP as a tourist place - laid

डॉ. रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया): मेरें लोकसभा क्षेत्र देवरिया जिला मुख्यालय के बारे में ऐसी जनभावना एवं जनश्रुति है इसका देवरिया नाम जिले में स्थित अत्यंत प्राचीन मंदिर देवरही माता के नाम पर रखा गया है । देवरही माताजी का मंदिर बहुत ही प्राचीन है जिस पर आमजन की अटूट आस्था एवं विश्वास है । यहाँ बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए आते हैं लेकिन उसका विकास जिस प्रकार से होना चाहिए वह नहीं हो पाया है । पर्यटन की दृष्टि से वह स्थान एक महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल के रूप में स्थापित किया जा सकता है । अतः मैं पर्यटन विभाग मंत्री जी से मांग करता हूँ कि इसके विकास के लिए मन्दिर से संबंधित पौखारे का सौन्दर्यकरण करते हुए इसमे फव्वारा लगाने तथा यहाँ यात्रियों के विश्राम के लिए एक विश्राम भवन बनवाने की कृपा की जाए जिससे यह स्थान एक ऐतिहासिक महत्व के रूप आकर्षक बन सके ।